# मुढ़ी लदे मैजिक से 47 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



चकाई/संवाददाता।

चकाई पुलिस ने मुढ़ी लदे मैजिक वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही चालक को भी गिरफ्तार किया है। वहीं मुढ़ी को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार वाहन चालक की पहचान सिकंदरा निवासी रामप्रवेश कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि सूचना मिली थी कि मैजिक वाहन में मुढ़ी लदा हुआ है। मुढ़ी के नीचे छिपा कर शराब देवघर से लेकर चकाई होते हुए जमुई की और जाने वाला है। सूचना मिलने के बाद वरीय अधिकारी को मामले की सूचना दी गई। जमुई एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ झाझा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मेहशा पत्थर चेकपोस्ट के पास से वाहन जांच करने के क्रम में चकाई की तरफ से आ रहे मैजिक चालक को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस का इशारा देख कर मैजिक वाहन संख्या जेएच 12 ई 3841 का चालक वाहन को लेकर भागने लगा। इसी दौरान पुलिस बल ने खदेड़ कर वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं प्लास्टिक बोरा में मुढ़ी लदे मैजिक वाहन की तलाशी ली गई तो मुढ़ी के नीचे छिपा कर रखा हुआ 47 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसमें 423 लीटर शराब बरामद की गई। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष, पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार के अलावा अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## जन साधारण एक्सप्रेस से अवैध शराब जब्त



झाझा/संवाददाता।

रेल मार्ग के रास्ते बिहार में लाये जा रहे अवैध शराब को रेल पुलिस ने गुरुवार को जब्त किया। रेल थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या-15271 जन साधारण एक्सप्रेस में भारी मात्रा में शराब लायी जा रही है। सूचना मिलने के बाद उक्त गाड़ी के झाझा प्लेटफार्म पर लगते ही उक्त गाड़ी में रेल पुलिस की टीम ने जांच अभियान चलाया। एक कोच से तीन झोला लावारिस स्थिति में बरामद हुआ। जिसे संदेह के आधार पर सर्च किया गया। भारी मात्रा में शराब पाया गया। रेल थानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया की एक झोला से 36 पीस केन बीयर के अलावा अन्य दो झोला से अलग-अलग ब्रांड का 112 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ। हालांकि इस छापेमारी में शराब तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हुई। रेल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मांगों को लेकर एसकेएमयू शिक्षकेत्तर कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन

खबरें विवि की



धरना-प्रदर्शन करते विश्वविद्यालय कर्मी।

दुमका/विवि संवाददाता।

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय एवं कॉलेज कर्मचारी महासंघ के मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करते हुए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर दिग्घी में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के कारण विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक कार्य ठप रहे। इससे पहले महासंघ विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश, कलम बंद हड़ताल एवं काला बिल्ला विरोध प्रदर्शन कर्मियों ने किया था। आंदोलन का नेतृत्व संघ महासचिव नेतलाल मिर्धा कर रहे थे। इस अवसर पर महासचिव श्री मिर्धा ने बताया कि मांगों को लेकर कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। मांगे पूरी नहीं होने के स्थिति में संघ आगे आंदोलन को लेकर बेहतर रणनीति तैयार करेगी। मांगों में पंचम, छठे एवं सातवें वेतनमान में निर्धारण करते हुए भुगतान प्रारंभ करने, छठे वेतनमान में वर्ष जुलाई 2003 से डीए का लाभ देने, कॉलेज से विश्वविद्यालय में कार्यरत प्रतिनियुक्ति कर्मियों को अतिरिक्त भत्ता भुगतान करने,योग्यताधारी चतुर्थ वर्ग से तृतीय वर्ग में पदोन्नति का लाभ देने, चतुर्थ वर्ग से तृतीय वर्ग का कार्य करने का अतिरिक्त भत्ता अविलंब देने एवं 35 वर्षो से शिक्षकेत्तर कर्मियों को प्रदोन्नति का लाभ देने का मांग किया। इसके अलावा वर्ष 2012 में नियुक्त तृतीय एवं चतुर्थ कमी को अन्य कर्मियों की तरह एसीपी, एमएसीपी का लाभ जून 2024 के वेतन से प्रारंभ का मांग किया है। इस अवसर पर शिक्षकेत्तर कर्म अतुल झा, मिथलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## एसकेएमयू के यूजी सेमेस्टर-दो ओल्ड कोर्स परीक्षा परिणाम जारी

दुमका/विवि संवाददाता।

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को यूजी सेमेस्टर-2 ओल्ड कोर्स स्पेशल परीक्षा का परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया। जिसमें कला के विभिन्न विषयों में 95.29 प्रतिशत, विज्ञान के विभिन्न विषयों में 97.22 प्रतिशत एवं वाणिज्य में 88.89 प्रतिशत परीक्षार्थ उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल ने बताया कि उक्त परीक्षा परिणाम केवल 6 कॉलेजों के लिए प्रकाशित किया गया है। जिसमें एएन कॉलेज दुमका, एमजी कॉलेज रानीश्वर, एसपी कॉलेज दुमका, एसपी महिला कॉलेज, दुमका, शिकारीपाड़ा कॉलेज एवं जेवियर्स कॉलेज दुमका शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अन्य कॉलेजों का परिणाम वहां से आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा का अंक जमा नहीं किए जाने के कारण रोक दिया गया है। अन्य कॉलेजों का परिणाम संबंधित कॉलेजों से अंक जमा होने के बाद प्रकाशित होगा। परिणाम शुक्रवार से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकेगा।

## अब 31 जुलाई तक ले सकते हैं इग्नू में एडमिशन : डॉ. गजेंद्र

**रानेश्वर/निज संवाददाता।** मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र संख्या 87019 के समन्वयक डॉ गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जुलाई 2024 सत्र में नामांकन के लिए इच्छुक छात्रों ऑनलाइन के माध्यम से 31 जुलाई 2024 तक इग्नू में नामांकन ले सकते हैं। नामांकन के लिए कार्यक्रम पीजी कोर्स में एमए अंग्रेजी, हिंदी, समाजशास्त्र, पोल साइंस, लोक प्रशासन ग्रामीण विकास एवं पाठ्यक्रम-बीए अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, पोल साइंस, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक प्रशासन एवं वाणिज्य डिप्लोमा कोर्स, पीजीडीआरडी, डीएनएई, डीईसीई, डीएलएफई आदि विषय में नामांकन ले सकते है।



डॉ गजेंद्र।

## छात्रों ने वन महोत्सव पर किया पौधा-रोपण

रानेश्वर/निज संवाददाता।

मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 एवं इकाई 5 की ओर से एक पेड़ मां के नाम के तहत कॉलेज में पौधा रोपण के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। पपीता, अमरुद का पौधा रोपण किया गया। इकाई-3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने महिला शिक्षिका जयश्री घोष को पौधा भेट किया। डॉ रूपम ने कहा आज के प्रत्येक युवा यदि पौधा रोपण के प्रति जागरूक हो जायेंगे, तो एक समाज, से देश तक स्वच्छ वातावरण तैयार होगा। महिलाओ को पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया। इकाई 5 कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आशीष कुमार मंडल ने स्वयंसेवको को पौधा रोपण कराकर जागरूकता अभियान चलाया। छात्रों को पौधा रोपण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर स्वयंसेवक विजय, किशोर राउत, संगीता घोष, देवशीष दत्ता, सुम्मना घोष, पवन घोष, पूजा रक्षित, मो रियाजुल आदि मौजूद थे।



पौधा रोपण करती मयूराक्षी कॉलेज की छात्र-छात्राएं।

## न्यूज अपडेट

### आलू, प्याज समेत हरी सब्जियों के दाम बढ़े

**अलीगंज/संवाददाता।** बरसात शुरू होते ही आलू, प्याज समेत अन्य हरी सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं। दो सप्ताह पहले 20 से 25 रुपए प्रति किलो बिकने वाला लाल आलू आज 35 से 45 रुपए किलो बिकने लगा है। जबकि सामान्य आलू भी 32 से 35 रुपए किलो बिकने लगा है। हरी सब्जियों की तो पूछिये ही नहीं। प्याज 50 रुपए किलो बिक रहा है। हर गरीब को रोटी के साथ प्याज और हरी मिरचाई भी नसीब नहीं हो पा रही है। हरी मिरचाई की कीमत 170 से 200 रुपए किलो है। अन्य हरी सब्जियों के दाम भी बढ़े हैं।

### 13वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये समाजसेवी



**बरहट/संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत मलयपुर बस्ती स्थित कायस्थ टोला में मंगलवार को समाजसेवी अरुण कुमार सिन्हा की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उपस्थित परिजन सहित अन्य ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। लोगों ने याद करते कहा कि इलाके के सभी लोग उनके व्यवहार का कायल थे। समाज सेवा में उन्होंने जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर उनकी धर्मपत्नी रेखा सिन्हा, पुत्र अंजनी सिन्हा, अभिषेक कुमार सिन्हा, आशुतोष सिन्हा, अन्या सिन्हा, अभिजीत सिन्हा सहित कई लोगों ने दिवंगत की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### अब्दुल रकीब रहमानी को किया गया सम्मानित

**जामताड़ा/संवाददाता।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का एक दिवसीय कार्यक्रम रांची के पुराना विधानसभा के समीप गाला बैंक्विट हॉल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ इंद्रेश कुमार और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक डा़ शाहिद अख्तर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक तनवीर अब्बास एवं हाजी एजाज ने किया। झारखंड प्रदेश में संघ संगठन एवं मंच का बेहतर कार्य करने पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के उलेमा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मौलाना अब्दुल रकीब रहमानी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक मौलाना जिया-उल-हक अशरफी एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मौलाना अब्दुल रकीब रहमानी के नेतृत्व में दर्जनों उलेमा उपस्थित हुए।

## मिथुन हत्याकांड का हुआ खुलासा आरोपी मां और भाई हुए गिरफ्तार

गिरफ्तारी के संदर्भ में जानकारी देते एसडीपीओ

झाझा/संवाददाता।

बीते 13 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम-सोहजाना के मिथुन यादव, पिता-स्व. लोचन यादव की तेज धार हथियार से गला रेतकर हत्या कर उसके शव को बलियो जाने वाली मार्ग में पड़ने वाले खैरा श्मशान घाट पर दफनाने के मामले में पुलिस ने अनुसंधान करते हुए मामला का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के संदर्भ में गुरुवार को झाझा एसडीपीओ ने थाना में पीसी करते हुए मामले की जानकारी दी। एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि 13 जुलाई को पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर श्मशान घाट में दफनाए शव को सीओ झाझा और एफएसएल टीम को घटना स्थल पर बुलवा कर बाहर निकलवाया गया। उसके बाद थाना में मृतक की मां सावित्री देवी और भाई इंद्रदेव यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। एसपी डॉ. शौर्य सुमन के दिशा-निर्देश पर उनके नेतृत्व में टीम बनाई गई। जिसमें थानाध्यक्ष संजय कुमार, पुनि कौशलेंद्र कुमार, पुनि संजय कुमार यादव, पुअनि नंदन कुमार, पुअनि कुंज बिहारी, पुअनि निधि कुमारी को शामिल किया। उसके बाद गठित टीम ने लगातार पुलिस तकनीकी मदद से कार्य करते हुए दोनों की गिरफ्तारी को लेकर कार्य कर रही थी। तभी गुरुवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मिथुन के हत्यारे उसकी मां एवं उसका भाई दोनों झाझा-बोड़वा बस स्टैंड के पास है। दोनों शहर से कहीं और भागने की फिराक में है। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार उसकी मां और भाई से पूछताछ करने पर मामला का खुलासा किया। बताया कि मिथुन नशेड़ी था जिससे उसकी पत्नी उसको छोड़कर भाग गई थी। उसके बाद मिथुन घर वालों पर दूसरी शादी का दबाव डालता था। शादी नहीं होने पर मां के साथ दुर्व्यवहार करता था। घटना के कुछ दिन पूर्व अपने भाई का ई-रिक्शा भी जला दिया। इसलिए मां और भाई ने मिलकर मिथुन का गला काट कर हत्या कर दी। शव को खैरा घाट के बगल में श्मशान घाट में दफन कर दिया। वहीं मृतक की मां के निशानदेही पर हत्या में उपयोग किए जाने वाले तेज धार हथियार को भी बरामद कर लिया गया है।

## दुबे नर्सिंग होम में तोड़ फोड़ करने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

जमुआ/संवाददाता।

जमुआ प्रखण्ड के दुबे नर्सिंग होम में 17 जुलाई को हॉस्पिटल में उपद्रव मचाते हुए स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मार पीट करने वालों पर गुरुवार को जमुआ थाने में प्रस्थमिकी दर्ज की गई। नर्सिंग होम के प्रबंधक संतोश चैबे ने लिखित सूचना देकर बताया कि मो कौसर,मो गोलू, भोलू,मो आकाश,मो अंजर, मो फरीद पिता मो गनी, मो रहबर, मो मुजस्सम, मो अफरीदी पिता मो कलाम, मो रजा पिता मो जावेद हुसैन सभी साकिन काजीमघा और मोहम्मद अहमद रजा नूरी पिता मो आजम साकिन मघाखुर्द सभी 50 लोगों को लेकर हरवे हथियार के साथ नर्सिंग होम में आकर उत्पात मचाने लगें। नर्सिंग होम कर्मियों के साथ मारपीट करने लगे और दवा दुकान से 40 हजार रुपए बिक्री के निकाल भी लिये। कहा गया कि सोनू कुमार, राज कुमार वर्मा, नागेंद्र तिवारी, अरुण कुमार, विदेह कुमार झा, समेत अन्य कर्मियों के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले को दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया है। इस बाबत डीएसपी कैलाश प्रसाद महतो ने कहा कि दोषियों को बख्शा नही जाएगा।

## बीआरसी में दिव्यांग बच्चों की जांच कर आवश्यक उपकरण का वितरण

पीरटांड़/संवाददाता।

पीरटांड़ प्रखंड संसाधन केंद्र में गुरुवार को समावेशी शिक्षा के तहत प्रखंड स्तरीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों की जांच कर आवश्यक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में पूर्व से जांच किए विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, एमएसआइडी किट, कैलिपर, ब्रेल किट समेत अन्य उपकरण का वितरण किया गया। साथ ही शिविर में अन्य विद्यालयों के बच्चों का चिकित्सकों द्वारा जांच किया गया। बीपीओ भोला कुमार राय ने बताया कि शिविर में विभिन्न 58 दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण वितरित किया गया और 108 दिव्यांग बच्चों की जांच अल्मीको भुनेश्वर के डॉक्टर्स द्वारा की गई। जिनके लिए प्रखंड संसाधन केंद्र में भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। वही मौके पर पीएसओ स्वाति गिरि, नंदन कुमार, नीतीश यादव, गजेंद्र कुमार सहित कई पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित थे।

## अंग्रेजी पुस्तक विमोचन सह परिचर्चा में जुटेंगे दिग्गज साहित्यकार

**सहरसा/हि.स.।** देवता निभा राजनारायण फाउंडेशन द्वारा आगामी 24 जुलाई को आरएम कॉलेज के सभागार में पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आयोजक अक्षय कुमार चौधरी नें बताया कि प्रसिद्ध भाषा वैज्ञानिक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राम चैतन्य धीरज के द्वारा अब तक हिन्दी मैथिली संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में कई पुस्तकों का लेखन किया गया है। दीर्ध कविता माई सिजोफ्रेनिक माइंड पुस्तक का विमोचन कर परिचर्चा आयोजित की जाएगी।

## बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने उच्च कुशल श्रमिकों की भर्ती पर दिया जोर

कोलकाता/संवाददाता।




बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अब अत्यधिक कुशल श्रमिकों को काम पर रखने पर जोर दे रही हैं। हालाँकि, कंपनियों की शिकायत है कि उन्हें सही विभागों में गुणवत्तापूर्ण कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। इस बीच डिग्री पास करने के बाद प्लेसमेंट के बावजूद छात्रों को सही संस्थान में नौकरी नहीं मिल रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्लेसमेंट बी नामक कंपनी ने छोटी और मध्यम कंपनियों के लिए एक माध्यम के रूप में काम करना शुरू किया। इस पोर्टल के माध्यम से फ्रेशर्स के मेरिट सत्यापन की व्यवस्था की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अर्नब चट्टोपाध्याय (सीईओ एडू मीट), टॉर्य शंकर रॉय (संस्थापक और निदेशक), कंचन सेनगुप्ता, देवयानी बनर्जी (मेंटर) ने भाग लिया और कहा कि राज्य में 1236 सरकारी और निजी कॉलेज हैं जहां छात्रों का परीक्षण किया जाएगा। साथ ही देश के विभिन्न कॉलेजों में मेरिट सत्यापन के लिए वीडियो प्रोसेसिंग संस्थाओं से संपर्क किया जाएगा।

## एसएमसी सदस्यों ने एक-एक पौधा लगा कर संरक्षण का लिया संकल्प

# प्लस टू उच्च विद्यालय में किया गया पौधा-रोपण

डुमरी/संवाददाता।



प्लस-टू एसएसकेबी उच्च विद्यालय के परिसर में गुरूवार को पौधारोपण किया गया। इस दौरान 20 छायादार तथा फलदार पौधे लगाये गये। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज प्रसाद सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं एवं एसएमसी सदस्यों ने एक एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि आज लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए वृक्षों की अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं उसका परिणाम है कि हम ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से घिरते जा रहे हैं जबकि हमारा वातावरण भी असंतुलित हो गया है। उपस्थित स्कूली बच्चों से कहा कि पेड़ पौधे जहां वातावरण को संतुलित करता है वहीं ऑक्सीजन की कमी को भी दूर करता है इसलिए हमें अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और दूसरे को भी प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक कार्तिक वर्मा, देवशरण कुमार मेहता, नीतू वर्मा, फारूक अंसारी, विजय मंडल, अर्पणा बास्के एवं एसएमसी के सदस्य जगरनाथ ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग लगने से सामान जल कर राख

**डुमरी/संवाददाता।** डुमरी थाना क्षेत्र के बेरमो मोड़ के समीप गुरुवार की अहले सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग लगने से हजारों रुपये मूल्य के इलेक्ट्रिनिक्स उपकरण जल गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह न्यू संगम इलेक्ट्रिनिक्स दुकान में आग लग गयी।जिस समय आग लगी उस समय दुकान बंद था। अंदर से धुंआ निकलते देख आस पास के लोगों ने इसकी सूचना दुकानदार राधे श्याम को दी। जब दुकान का शटर खोला गया तो आग विकराल रुप ले चुका था। इसके बाद लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। इस अगलगी में दुकान में रखा फ्रिज, कूलर,टीवी,पंखा सहित कई इलेक्ट्रॉनिक्स और बिजली के सामान जल गया। दुकानदार के अनुसार आग लगने से लगभग डेढ़ लाख रुपये की क्षति हुई है।

# मोहर्रम पर लोगों को पगड़ी पहना कर किया स्वागत

गिरिडीह। संवाददाता



हजरत इमाम हुसैन के शहादत में मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम गिरिडीह में हल्की-फुलकी झड़प के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। मुहर्रम पर शहर के मौलाना आजाद चैक के पास मुहर्रम एकता मंच, बीबीसी रोड के पास आजाद हिंद सेना, भंडारीडीह स्वर्ण सिनेमा हॉल के समीप 786 क्लब, भंडारीडीह में मुहर्रम कमेटी बॉयज क्लब, मोहनपुर, चैताडीह बिशनपुर, पंचबा,तेलोडीह समेत कई स्थानों पर कमिटी द्वारा खिलाड़ियों को उत्साहित करने के लिए मंच बनाया गया था। मंच पर बैठे समाज के गणमान्य लोग लगातार खिलाड़ियों के हौसला अफजाई में जुटे हुए थे। इस दौरान गिरिडीह के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भी बारी-बारी से सभी मंचों पर जाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. खिलाड़ियों ने भी एक से बढ़कर एक खेल का नुमाइश कर लोगों को रोमांचित कर दिया। अखाड़ा समाप्ति के बाद कमेटी के द्वारा बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। वहीं मुहर्रम के अवसर पर आजाद हिंद सेना की ओर से बीबीसी रोड में स्टॉल लगाया गया था। मौके पर अजय सिन्हा उर्फ मंटू, आजाद हिंद सेना के शिवम आजाद ने कमिटी सदस्यों को शुभकामना दी।